सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/27/2017- राभा

दिनांक – 09 फरवरी, 2018

सूचना

विषय : विज्ञान पत्रिका "इलेक्ट्रॉनिक दर्पण" वर्ष- 2, अंक - 2 का प्रकाशन ।

वैज्ञानिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार हेतु अनुसंधान कार्यों को माँ-भारती की वाणी में प्रकाशित करना राजभाषा हिंदी की विशिष्ट सेवा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने गतवर्ष विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का प्रकाशन आरंभ किया है।

उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा प्रकाशित की जाने वाली हिंदी विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का आगामी अंक (वर्ष - 2, अंक-2) प्रकाशनाधीन है। इस पत्रिका में संस्थान के वैज्ञानिकों / तकनीकी सहकर्मियों द्वारा संस्थान के वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यों एवं अन्य कार्यकलापों से संबंधित लेख प्रकाशित किए जाते हैं। हिंदी में विज्ञान लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22 नवंबर 2017 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस पत्रिका में प्रकाशित लेख संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजना [योजना सं. 5: सीएसआईआर - सीरी वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहन योजना (क) लेख/ शोध पत्र लेखन] के अंतर्गत मूल्यांकन समिति की संस्तुति पर निदेशक महोदय के अनुमोदन के उपरांत नियमानुसार रु. 2000/- का **नकद पुरस्कार प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगे**।

संस्थान के सभी नियमित/अस्थायी सहकर्मी पत्रिका के लिए लेख उपलब्ध करा सकते हैं (लेख के लिए शब्द सीमा 700-1000 शब्द)। अत: संस्थान में कार्यरत सभी हिंदी प्रेमियों से अनुरोध है कि कृपया पत्रिका के लिए अपने लेख लिखित/टंकित रूप में राजभाषा प्रकोष्ठ में व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल (rameshbaura@gmail.com) पर उपलबध करा दें। लेखों से संबंधित चित्र भी कृपया Jpeg फॉर्मेट में उपलब्ध कराएँ।

पत्रिका प्रकाशन में सभी सहकर्मियों का सहयोग अपेक्षित एवं प्रार्थनीय है।

9/2/18

(रमेश बौरा)
हिंदी अधिकारी एवं संपादक
'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण'

प्रतिलिपि –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य – कृपया इसे अपने सभी सहकर्मियों की जानकारी में ला दें।
4. सभी क्षेत्र समन्वयक (एरिया कोऑर्डिनेटर) – कृपया इसे अपने सभी सहकर्मियों की जानकारी में ला दें।
5. सूचना पट्ट
6. प्रभारी, नेटवर्क प्रबंधन प्रकोष्ठ – वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।